सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-287
12/06/2018

मुख्यमंत्री के समक्ष पथ निर्माण विभाग ने पथों एवं पुलों के निर्माण से संबंधित प्रस्तुतीकरण दिया

पटना, 12 जून 2016 :– आज 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में मुख्यमंत्री के समक्ष पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव श्री अमृत लाल मीणा ने पथ निर्माण विभाग से संबंधित प्रस्तुतीकरण दिया। इसमें वामपंथ, उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के लिए सड़क संपर्क योजना के बारे में विस्तार से बताया गया। मुख्यमंत्री सड़क निर्माण योजना एवं मुख्यमंत्री सेतु निर्माण योजना के नये स्वरूप के संबंध में भी जानकारी दी गयी।

मुख्यमंत्री सेतु निर्माण योजना के संबंध में यह महसूस किया गया कि जिन–जिन स्थानों पर पुल का निर्माण किया जायेगा, इसका आकलन जिला संचालन समिति द्वारा किया जायेगा। तत्पश्चात पुल निर्माण निगम द्वारा उसकी फिजिबिलिटी का अध्ययन किया जायेगा, इसके पश्चात समेकित सूची के आधार पर चरणबद्ध तरीके से किया जायेगा। चार माह में इसे तैयार करने का निर्देश दिया गया है।

प्रस्तुतीकरण के क्रम में बताया गया कि पटना–गया फोर लेन के लिए मीठापुर से महुली के बीच एलिवेटेड सड़क का निर्माण किया जायेगा। यह सड़क एन0एच0– 30 के ऊपर से पार करेगा। इससे दक्षिण बिहार के आवागमन में सहुलियत होगी। इसे बिहटा–सरमेरा पथ से भी जोड़ा जायेगा। इसकी योजना लागत एक हजार करोड़ रूपये है, इसका डी0पी0आर0 तैयार किया जा रहा है।

प्रस्तुतीकरण के क्रम में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जो पहले भी पुल बने हैं, उनका एप्रोच सुनिश्चित किया जाए। नए बनाए जाने वाले पुलों के लिए भी एप्रोच निश्चित रुप से हो। पांच घंटे में राज्य के किसी कोने से राजधानी पहुंचने के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु सभी आवश्यक कार्रवाई की जाय। मुख्यमंत्री ने बिहटा–सरमेरा एन0एच0 पथ को बिहटा एयरपोर्ट से कनेक्ट करने का भी सुझाव दिया। मुख्यमंत्री ने पटना–बक्सर के एन0एच0 रोड के प्रगति की भी जानकारी ली।

इस अवसर पर पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव, मुख्यमंत्री के परामर्शी श्री अंजनी कुमार सिंह, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, विकास आयुक्त श्री शशि शेखर शर्मा, प्रधान सचिव गृह श्री आमिर सुबहानी, प्रधान सचिव पथ निर्माण श्री अमृत लाल मीणा, प्रधान सचिव ऊर्जा श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चंद्रा, ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव सह मुख्यमंत्री के सचिव श्री विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, सचिव व्यय, वित्त विभाग श्री राहुल सिंह, विशेष सचिव मुख्यमंत्री सचिवालय श्री अनुपम कुमार, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के सचिव श्री जीतेंद्र श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

******